तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अक्टूबर 2025

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

12 हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा में हुआ शिक्षा गुणवत्ता ...



13 नागाराम 74वीं बटालियन का नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित




## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने

इच्छुक छात्र आवेदन करें, अंतिम तिथि : 16/10/2025

फायर सेफ्टी के कोर्स

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (ADIS)
6. पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी (PDIS)
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप



### हजारों रुपए नकद व सट्टा पर्ची के साथ एक गिरफ्तार

**जगदलपुर**। बोधघाट पुलिस ने एक सटोरिए को गिरफ्तार किया है जो मैदान में बैठकर सट्टापट्टी से जुआ खिला रहा था। आरोपी के कब्जे से हजारों रुपए नकद व सट्टा पट्टी जब्त किया गया है। सट्टा खिलाने की सूचना पर एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश, एएसपी माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन व सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी बोधघाट लीलाधर राठौर के नेतृत्व में आरोपी को गिरफ्तार करने टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि जवाहरनगर वार्ड मेटगुडा निवासी भीम मानिकपुरी 44 वर्ष रेलवे कॉलोनी के मैदान में बैठ कर सट्टा पट्टी पर्ची लिखकर हार जीत का जुआ खिला रहा है। टीम द्वारा मैदान में पहुंचकर आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा। उसके कब्जे से नगद के अलावा सट्टा पर्ची व पेन जब्त किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड में भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक लीलाधर राठौर के अलावा एसआई ललित नेगी, लोकेश्वर नाग, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, सुनील मनहर, आरक्षक परमानद भोयर व विजय तिर्की की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### डेवलपमेंट के लिए बेहतर सामंजस्य बनाना होगा



**जगदलपुर**। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में मंगलवार को विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुलपति मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि साइंस, टेक्नोलॉजी एवं इंडसट्रिलाइजेशन के क्षेत्र में हमारे देश ने उल्लेखनीय प्रगति की है पर पर्यावरण जैसे विभिन्न विषयों में विश्व की तरह कई अंतर्राष्ट्रीय संकटों से जूझ भी रहा है। हमें विज्ञान,तकनीक और सस्टेनेबल डेवलपमेंट के बीच बेहतर सामंजस्य बनाना होगा। द रोल एंड चैलेंजेज ऑफ यूजिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन एचिविंग एसडीजीएस विषय पर अपने उद्बोधन में एनआईटी रायपुर के निदेशक डॉ. ⏭ शेष पेज 12 पर



# लोकोत्सव में गूंजी पवनदीप और चेतना की आवाज, जनजातीय संस्कृति ने मन मोहा

## संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ ने दोनों गायकों की प्रस्तुतियों का जमकर उठाया लुत्फ



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा लोकोत्सव के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मंगलवार की शाम लालबाग मैदान एक यादगार मंच में तब्दील हो गया। इस भव्य सांस्कृतिक संध्या में बॉलीवुड संगीत और बस्तर की समृद्ध जनजातीय परंपरा का अनूठा संगम देखने को मिला, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम का सबसे बड़ा आकर्षण बॉलीवुड के जाने-माने गायक पवनदीप और चेतना रहे। इन दोनों कलाकारों ने अपनी सुरीली और शानदार गायकी से मंच पर समां बांध दिया। संगीत प्रेमियों की भारी भीड़ ने दोनों गायकों की प्रस्तुतियों का जमकर लुत्फ उठाया और उत्साह के साथ उनका साथ दिया। अपनी सुरीली आवाज के लिए जाने जाने वाले पवनदीप राजन ने मंच पर केवल गायन ही नहीं किया, बल्कि एक साथ कई वाद्य यंत्रों के कुशल संचालन का भी अद्भुत प्रदर्शन किया। उनके हाथ कभी गिटार और फिर ड्रम्स पर सफाई से थिरकते दिखे, जिससे संगीत का एक मनमोहक







समां बंध गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूली और कॉलेज के छात्र-छात्राओं के मनमोहक प्रदर्शनों से हुई, जिन्होंने कला की विविध छटाएं बिखेरीं। स्वामी विवेकानंद स्कूल के छात्रों ने सरस्वती मंगलाचारण से माहौल को भक्तिमय बनाया, जबकि बिहू (आसामी), समूह नृत्य (ओड़िआ) और वायनाड केरल ट्रायबल डांस जैसी रंगारंग प्रस्तुतियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके बाद, बस्तर की सदियों पुरानी जनजातीय परंपरा मंच पर जीवंत हो उठी। लोकोत्सव के मंच पर लामकेर, बस्तर के कल्लूराम और साथियों ने मिलकर मनोरम गेड़ी नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा लालबाग मैदान उस समय तालियों की गड़गड़ाहट से गूँज उठा, जब कलाकारों ने गेड़ी (बाँस के डंडों) पर संतुलन बनाते हुए, तेज ताल और लय के साथ समूह में नृत्य की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उनके पारंपरिक परिधान, ऊर्जा से भरे कदम और शानदार समन्वय ने दर्शकों को बस्तर की माटी और संस्कृति से गहराई से जोड़ दिया। इस नृत्य ने एक बार फिर साबित कर दिया कि बस्तर दशहरा न केवल एक धार्मिक पर्व है, बल्कि यह जनजातीय कला और लोक संस्कृति को जीवंत रखने का एक भव्य मंच भी है। कल्लूराम और उनकी टीम ने अपनी कला से लोकोत्सव की शोभा बढ़ाई और बस्तर की सांस्कृतिक विरासत को एक यादगार पहचान दी।

दरभा विकासखंड के छिंदावाड़ा से आए महादेव और उनके साथियों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए धुरवा नाच प्रस्तुत किया। महादेव और उनके समूह ने पारंपरिक परिधानों में सजे-धजे, ढोल-मांदर की थाप पर जिस लय और ताल के साथ यह नृत्य प्रस्तुत किया, उसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। धुरवा नाच की भंगिमाओं और समूह के शानदार समन्वय ⏭ शेष पेज 12 पर

### दिव्यांग बच्चों के कलेक्टिव बैंड ने किया जीवंत प्रदर्शन

संगीत और प्रेरणा से भरी शानदार शाम में सक्षम कलेक्टिव बैंड ने अपने जीवंत प्रदर्शन से हजारों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दिव्यांग बच्चों से मिलकर बने इस असाधारण बैंड ने अपनी प्रस्तुति से यह दृढ़ता से साबित कर दिया कि प्रतिभा और हौसला किसी भी शारीरिक सीमा के मोहताज नहीं होती हैं। सक्षम कलेक्टिव कोई सामान्य बैंड नहीं है। यह सक्षम स्कूल के होनहार दिव्यांग बच्चों का समूह है, जिसे दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और गिटारवाला संस्था द्वारा आयोजित विशेष म्यूजिक वर्कशॉप्स के माध्यम से तराशा गया है। इन बच्चों ने पहले अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए सक्षम कलेक्टिव नाम से एक म्यूजिक एल्बम तैयार किया, जो अब यूट्यूब पर उपलब्ध है और लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन चुका है।

### ओडिशा नृत्य ने बिखेरी अद्भूत छटा

बस्तर दशहरा लोकोत्सव के मंच पर मंगलवार का दिन ओडिशी नृत्य की अद्भुत छटा से सज गया। लालबाग मैदान में चल रहे इस भव्य लोकोत्सव में नृत्यांगना विधि सेनगुप्ता ने अपने प्रभावी ओड़सी नृत्य का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। लोकनृत्य और संस्कृति के इस महासंगम में, विधि सेनगुप्ता की प्रस्तुति ने कला प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके सधे हुए पद संचालन, भावपूर्ण मुद्राओं और ओड़सी की पारंपरिक गरिमा ने लालबाग के माहौल को और भी सांस्कृतिक और भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर कमिश्नर डोमन सिंह, पुलिस महानिरीक्षक सुन्दरराज पी., कलेक्टर हरिस एस, सहायक कलेक्टर विपिन दुबे सहित जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में कला प्रेमी दर्शक उपस्थित थे।

## वन विभाग 40 हजार खर्च कर भी नहीं पकड़ पाया मगरमच्छ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

तोकापाल बाजारपारा स्थित मछली पालन के 30 एकड़ तालाब में 38 दिन तक मगरमच्छ रहा, जिससे वन विभाग ने लगभग 40 हजार रुपए खर्च करने के बाद भी नहीं पकड़ पाया, बल्कि रात चुपचाप तालाब से कोयरनाला में चला गया। विभाग के डिप्टी रेंजर आरके मिश्रा के नेतृत्व में सुबह से शाम तक कर्मचारी तैनात रहे। साथ ही लगभग 9 हजार रूपए से पिंजरा बनाया गया था, लेकिन पिंजरे में मगरमच्छ नहीं पहुंचा। इसके अलावा रेस्क्यू के कर्मचारियों को भोजन की व्यवस्था की गई थी। बताया जा रहा है कि पिछले वर्ष भी कोयरनाला में मगरमच्छ देखा गया था, लेकिन इस बार तालाब में पहुंच गया



था। बताया जा रहा है कि तालाब के आसपास मुनादी किया कि लोग तालाब के पास नहीं पहुंचे। तालाब में नहाना मनाही थी, जिससे मगरमच्छ से जनहानि नहीं हुई। वहीं दूसरी ओर तोकापाल निवासी सुमीत तिवारी ने इस तालाब में मछली पालन के लिए मछली बीज डाला था, जिसमें मछली के बीज को मगरमच्छ ⏭ शेष पेज 12 पर

## भारत की प्राचीन सनातन संस्कृति भी कृषि और खेती-बाड़ी पर ही आधारित

प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि के तत्वावधान में किसान सम्मेलन

हरिभूमि न्यून ⏭ जगदलपुर

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के तत्वावधान में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में भारतीय कृषि दर्शन सम्पूर्ण ग्राम विकास कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर माउंट आबू राजस्थान से आए कृषि एवं ग्राम विकास प्रभाग के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजयोगी बीके राजू भाई ने कहा भारत ग्रामों का देश है। लगभग 6.30 लाख से भी अधिक गांव इस भारत माता की गोद में पल रहे हैं, और उसके मुख्य व्यवसाय खेती का है। कृषि कार्य और खेती से जुड़े हुए किसान आज इस कार्यक्रम में पधारे उत्तम खेती मध्यम व्यापार और नौकरी को तीसरे स्थान





पर कनिष्ठ माना गया है,लेकिन आज इसके विपरीत हम पहुंच गए हैं। नौकरी को सबसे पहला स्थान हो गया है व्यापार अपनी जगह पर ही है। लेकिन खेती में व्यवसाय से लोग गुम होते जा रहे हैं उसको करने के लिए अगर किसी के पास चार बच्चे हैं तो चारों बच्चों में खेती का कार्य किसको देना चाहिए। वह सोचता है मेरा बेटा डॉक्टर बने इंजीनियर बने हेड मास्टर प्रोफेसर बने खेती के कार्य के लिए जो बिल्कुल पढ़ा हुआ नहीं होता है।ऐसे बच्चों के लिए सोचते हैं इसके लिए खेती दे दो कृषि एक ऐसा सुंदर व्यवसाय है,जो धरती से प्यार करने वाले जानते हैं। अगर उसकी गोद में एक बीज दिया जाता है तो धरती मां के द्वारा हमें एक बीच से 1000 बीच रिटर्न में मिलते हैं। इतना सच्चा सौदा शायद कहीं हो ही नहीं सकता। ऐसा ⏭ शेष पेज 12 पर

## बिजली बिल बढ़ोत्तरी के विरोध में कांग्रेसियों ने किया उग्र प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बिजली बिल वृद्धि के विरोध ने बुधवार को बस्तर जिला शहर एवं ग्रामीण संगठन के संयुक्त पहल पर प्रदेश की भाजपा सरकार के जनविरोधी फैसले के विरोध में सैकड़ों कांग्रेसियों ने गीदम रोड स्थित बिजली विभाग कार्यपालिक निर्देशक दफ्तर के समक्ष जमकर हल्लाबोला और प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य व ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला के नेतृत्व में प्रदेश में भाजपा सरकार की ⏭ शेष पेज 12 पर

- बिजली बिल हाफ योजना बंद करना राज्य सरकार का जनता पर अत्याचार

### ये रहे मौजूद

*इस दौरान पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, वरिष्ठ कांग्रेसी उमाशंकर शुक्ला,नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी,ब्लॉक अध्यक्षगण संतोष सेठिया,लेखन बघेल,बलराम यादव,फूलसिंह बघेल,दयाराम कश्यप,प्रभारी महामंत्री जाहिद हुसैन,सेमियल नाथ, यूंका अध्यक्ष अजय बिसाई,अभिषेक डेविड,सुषमा सुता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद,कोमल सेना,रोजविन दास,वरिष्ठ कांग्रेसी गौरनाथ बघेल,रामशंकर राव,अनवर खान,हनुमान द्विवेदी, रविशंकर तिवारी,वेंकट राव,अंजना नाग, व्यापारी प्रकोष्ठ अध्यक्ष राजेंद्र पटवा,विजेंद्र ठाकुर पार्षद सुशीला बघेल,सूर्यापानी,शुभम यदू,लोकेश चौधरी,असीम सुता,निकेत झा,अनुराग महतो,संदीप दास,शादाब अहमद, विक्रांत सिंह,लव मिश्रा,रोशन पानी,ललिता राव,शहनाज बेगम,सायमा अशरफ,एस नीला,ज्योति राव,नीतीश शर्मा,हेमंत कश्यप,धनुर्जय उस्मान रजा,कमलेश पाठक, मनोज साहनी,वीरेंद्र परिहार,हरिसिंह,आभास महंती,राकेश मोर,सलीम जाफर अली,भोजराम,कमल, बलराम,कमला समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी सम्मलित थे।*

### आमजनों के जेब पर बोझ

ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला ने कहा कि बिजली बिल आधी, बिल 2 से 3 गुना बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने आम जनता को राहत देने के लिए 400 यूनिट बिजली हाफ योजना चालू की थी,जिससे आम जनता को बोझ नहीं पड़ता था। जब से भाजपा की सरकार बनी है, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बिजली बिल में हाफ योजना में केवल 100 यूनिट की गई। वही बिजली की बिल दो से तीन गुना वृद्धि की गई। जिसे आम जनता की जेब बोझ बढ़ गई है। यह तक कि शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार बिजली गुल हो रही है,जिससे परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

## पहले बस्तर में एक किमी सड़क बनाने में एक वर्ष लग जाता था, टूरिज्म का फ्लो आएगा

# जगरगुंडा सड़क की मिट्टी को माथे में लगाना चाहिए : रमन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

जगरगुंडा सड़क की मिट्टी को माथे में लगाना चाहिए,उस सड़क के लिए अनेक जवानों ने अपनी शहादत दी। पहले बस्तर में एक किमी सड़क बनाने में एक वर्ष लग जाता था। आने वाले समय मे बस्तर में टूरिज्म का फ्लो आएगा, विकास की रफ्तार बढ़ेगी। विधानसभा में नए सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले ऐसा मेरा पर प्रयास रहता है। बस्तर में जब भी शांति आएगी, टूरिज्म का फ्लो आएगा, विकास की रफ्तार बढ़ेगी। उक्त बातें छत्तीसगढ़ विधानसभा के स्पीकर डॉ. रमन सिंह विशेष चर्चा में पत्रकारों से कही।

- विधानसभा में प्रयास रहता है,कि नए सदस्यों को ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले

पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज बस्तर लोकोत्सव एवं व्यापार मेला के समापन समारोह में शामिल होने जगदलपुर पहुंचे थे। स्थानीय सर्किट हाउस में पत्रकारों से अनौपचारिक चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि बस्तर से माओवाद का खात्मा अब करीब है। जिस दिन बस्तर में शांति की घोषणा हो जायेगी उस दिन से यह पर्यटन क्षेत्र बूम करेगा। यह देश का एक बड़ा पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित हो जायेगा। डॉ. रमन सिंह ने कहा कि 15 वर्षों में प्रदेश का मुख्यमंत्री रहते हुए विकास की ओर फोकस किया, और कई तरह की चुनौतियों के बीच सकारात्मक परिणाम भी सामने आया। मुख्यमंत्री रहते काम करना और विधानसभा अध्यक्ष की भूमिका निभाना दोनों अलग बात है। विस अध्यक्ष रहते निष्पक्ष भूमिका निभानी होती है, जिसमें पक्ष और विपक्ष दोनों के साथ संतुलन बनाये रखना होता है, जो कि चुनौती पूर्ण कार्य भी है। एक सवाल के जवाब में डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा देश का पहला विस हैं जिसमें अनुशासन का उल्लंघन करने पर सदस्य को दिनभर के लिए सदन से बाहर कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि आगामी 1 नवम्बर से नया विस भवन में सदन का संचालन शुरु हो जायेगा, जहां हर तरह की सुविधाएं मौजूद रहेंगी। चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री महेश गागड़ा, महापौर संजय पांडे, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे, रूपसिंह मंडावी समेत अन्य सम्मलित थे।



### शासन चलाने पारदर्शिता जरूरी

*डॉ. सिंह ने कहा कि शासन को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए पारदर्शिता जरूरी होती है। पिछली कांग्रेस सरकार ने इसका ध्यान नहीं रखा जिसके परिणाम स्वरूप ही भ्रष्टाचार बढ़ा और कई नेता और अफसर आज जेल में है। कार्यों में पारदर्शिता बरतें तो इस तरह की समस्याएं नहीं आएंगी।*

## खबर संक्षेप

### आपदा पीड़ितों के वारिसों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा से मृत व्यक्तियों के 6 प्रकरणों में वारिसों को 24 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर ने बड़े राजपुर तहसील के ग्राम छिन्दली निवासी सुकलाल की पानी में डूबने से मृत्यु पर उनके पुत्र दलसाय को 4 लाख रुपए, कोण्डागांव तहसील के ग्राम सिंगनपुर निवासी घसीन की मृत्यु पर उनके पति साधूराम, पुत्र–पुत्रियों फूलबती, मुंगबती, सरस्वती, सरसती, संता, संदेश, सामलाल को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की। मर्दापाल तहसील के ग्राम आदवाल निवासी मोसुराम कश्यप की डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी मनती कश्यप को 4 लाख रुपए, वहीं ग्राम टिमेनार निवासी रसमन सलम की सर्पदंश से मृत्यु पर उनकी पत्नी रसोरम सलम को 4 लाख रुपए की सहायता दी गई। बड़े राजपुर तहसील के ग्राम सलना निवासी खियांश मण्डावी की पानी में डूबने से मृत्यु पर उनके माता–पिता जगन्तीनबाई मण्डावी एवं महेश्वर मण्डावी को 4 लाख रुपए आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई।

### वन विभाग ने निकाली जागरुकता रैली



**फरसगांव।** वनमंडल केशकाल में राष्ट्रीय वन प्राणी संरक्षण सप्ताह के तहत वन विभाग द्वारा बुधवार को बंगाली गांव के स्कूल में विभिन्न कार्यक्रम कर गांव में जन जागरुकता रैली निकाली गई। वनमंडलाधिकारी दिव्या गौतम के निर्देश पर बंगोली गांव के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम किए गए। जिसमें छात्र छात्राओं के बीच निबंध, चित्रकला ,भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और विजेताओं को पुरुस्कार का वितरण किया गया। जिसके बाद स्कूली बच्चों के साथ गांव में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को वन्यजीव संरक्षण में महत्व को समझाने का प्रयास किया गया।

# राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में 21 स्वर्ण पदक के साथ बस्तर संभाग रहा अग्रणी

## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के विद्यार्थियों ने जूडो में लहराया परचम, जीता 10 स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज : कोण्डागांव

दुर्ग में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय कोंडागांव बस्तर संभाग के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले और संभाग का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया। विद्यालय के जूडो खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, 1 रजत और 1 कांस्य पदक अर्जित किए। जिससे विद्यालय ने बस्तर संभाग में शीर्ष स्थान हासिल किया। पूरे बस्तर संभाग को कुल 21 स्वर्ण पदक प्राप्त हुए, जिनमें से अकेले स्वामी आत्मानंद विद्यालय, कोंडागांव के खिलाड़ियों ने 10 स्वर्ण पदक जीते। यह उपलब्धि विद्यालय में खेल प्रशिक्षण की गुणवत्ता और विद्यार्थियों की लगन व अनुशासन को दर्शाती है। विद्यालय की अंडर–17 वर्ग की स्वर्ण पदक विजेता हेमबती नाग ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। उन्हें खेल क्षेत्र में असाधारण योगदान के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जो राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने दिया। यह उपलब्धि पूरे बस्तर संभाग के लिए गौरव का क्षण रही। विद्यालय परिवार ने विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत कर सम्मान किया। शिक्षकों, अभिभावकों और विद्यार्थियों ने इस उपलब्धि पर गौरव और खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता न केवल विद्यालय बल्कि पूरे बस्तर संभाग के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।



### अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम : प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य पी.एस. डेनियल ने खिलाड़ियों और प्रशिक्षिका को बधाई देते हुए कहा यह सफलता हमारे विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का परिणाम है। विद्यालय ऐसी प्रतिभाओं को हरसंभव सहयोग और प्रोत्साहन देता रहेगा। खेल प्रशिक्षिका श्रीमती सुधा तिवारी पीटीआई ने बताया कि बच्चों ने निरंतर अभ्यास और टीम भावना के बल पर यह सफलता अर्जित की है।

## सरपंच, जनप्रतिनिधि, पालकगण और ग्रामीणों ने की सक्रिय भागीदारी

# हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा में हुआ शिक्षा गुणवत्ता का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत आज हायर सेकेंडरी स्कूल किवई बालेंगा में सामाजिक अंकेक्षण का कार्य संपन्न किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम की सरपंच श्रीमती दया मरापी, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि, पालकगण, ग्रामवासी, शाला स्टाफ और छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता के लिए सामजिक अंकेक्षण कार्य को संपन्न करने के लिए सामाजिक अंकेक्षण कर्ता हायर सेकेंडरी स्कूल मयूर डोंगर के प्रभारी प्राचार्य मयूर डोंगर के प्रभारी प्रचार जमील खान ने सफलता पूर्वक संपन्न कराया। इस अवसर पर छात्र–छात्राओं से पूछे गए सभी प्रश्नों का सही सही उत्तर दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे और उन्होंने भी अपनी शिक्षा और विद्यालय से जुड़ी अपेक्षाएं रखीं। ग्रामवासियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए सभी मिलकर विद्यालय का सहयोग करेंगे। आयोजन में स्कूल स्टाफ के साथ ही सरपंच श्रीमती दयावती मरापी कुंदर सिंह बघेल, सुरेन्द्र देवांगन, नंदकुमार कौशल, कृष्णा चौहान, मुकुन्द देवांगन, मोहन सेठिया, गोकुल देवांगन, टी. आर. बघेल, कमला ओझा, रमेश्वरी सेठिया वह पलक गण और ग्रामवासी मौजूद रहे।





### शिक्षा की गुणवत्ता और व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा

सामाजिक अंकेक्षण के दौरान विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था, शिक्षण गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा परिणाम और उपलब्ध संसाधनों पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही यह भी देखा गया कि शासन की योजनाओं और सुविधाओं का लाभ बच्चों तक किस प्रकार पहुंच रहा है।

### जिम्मेदारी तय, सुधार के सुझाव भी दिए

अंकेक्षण में पालकगण और ग्रामवासियों ने विद्यालय की प्रगति पर अपने सुझाव रखे। साथ ही शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### शिक्षक–पालक संवाद पर दिया गया जोर

कार्यक्रम प्रभारी श्री दुबे और वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रकांत ठाकुर, वर्षा, श्रीमती यादव सहित समस्त शाला स्टाफ ने पालकों से संवाद स्थापित कर विद्यालय की गतिविधियों की जानकारी साझा की। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा को गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे।

# कलेक्टर नुपूर ने 10 वीं के बच्चों को पढ़ाया गणित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालयकोंडागांव का निरीक्षण किया और विद्यालय में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया और शिक्षकों से शिक्षण पद्धति की जानकारी ली।

- कलेक्टर ने बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का किया निरीक्षण

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्रीमती पन्ना ने कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को गणित का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वयं ब्लैकबोर्ड पर प्रश्न हल करते हुए विद्यार्थियों को चरणबद्ध तरीके से समाधान समझाया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को गणित के सूत्रों को याद रखने और समस्याओं को हल करने के आसान टिप्स दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को मेहनत, लगन और एकाग्रता से पढ़ाई करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि गणित कठिन नहीं बल्कि तार्किक सोच विकसित करने वाला विषय है, जिसे अभ्यास से सरल बनाया जा सकता है।

### शिक्षकों को दिए निर्देश

कलेक्टर ने विद्यालय के शिक्षकों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को रोचक और इंटरेक्टिव तरीकों से पढ़ाएं, ताकि वे विषय में रुचि बनाए रखें। साथ ही उन्होंने विद्यालय की कक्षाओं को पुराने केवीके भवन में संचालित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की स्वच्छता एवं सुविधाओं की भी समीक्षा की।

# एआईसीसी पर्यवेक्षक ओडिशा सांसद सप्तगिरी करेंगे कार्यकर्ताओं से रायशुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत कोंडागांव जिले में 11 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में एआईसीसी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक एवं ओडिशा के सांसद सप्तगिरी उल्का जिले का दौरा करेंगे और कार्यकर्ताओं से जिलाध्यक्ष चयन को लेकर रायशुमारी करेंगे। अभियान के अंतर्गत कोंडागांव जिले में सह प्रभारी के रूप में पीसीसी उपाध्यक्ष प्रेमचंद जायसी की नियुक्ति की गई है। उनकी मौजूदगी में जिलेभर के कांग्रेसजन ब्लॉकवार बैठक कर अपनी राय देंगे। केशकाल मंगल भवन केशकाल बड़े राजपुर और धनोरा ब्लॉक के नेता। फरसगांव रेस्ट हाउस फरसगांव ब्लॉक के कांग्रेसजन। कोंडागांव ऑडिटोरियम कोंडागांव, माकड़ी और मर्दापाल ब्लॉक के नेता यहां पर्यवेक्षक और सह प्रभारी स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं से चर्चा कर रिपोर्ट तैयार करेंगे। सिर्फ कार्यकर्ताओं ही नहीं बल्कि स्थानीय पत्रकारों एवं सामाजिक संगठनों से भी संवाद कर पर्यवेक्षक योग्य जिलाध्यक्ष की तलाश करेंगे। बाद में यह रिपोर्ट एआईसीसी को सौंपी जाएगी।

### जल्द जारी होगी जिलाध्यक्षों की सूची

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, एआईसीसी द्वारा प्रदेश के सभी जिलाध्यक्षों की सूची एक साथ जारी की जाएगी। इससे पहले ब्लॉक स्तर पर भी पर्यवेक्षकों ने रिपोर्ट तैयार कर पीसीसी को भेजी है।

### कांग्रेस नए कलेवर में दिखेगी : संगठन

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस आने वाले समय में नए कलेवर और नई ऊर्जा के साथ जनता के बीच उतरेगी। अभियान के जरिए संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत होगा और भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों का डटकर मुकाबला किया जाएगा।

## जल संरक्षण स्वच्छता और जनजागरुकता पर रहा विशेष फोकस

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव पर ग्राम पंचायतों में हुई विविध गतिविधियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना के 25 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पूरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 से 10 अक्टूबर 2025 तक पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा जिले की ग्राम पंचायतों में विभिन्न जनकल्याणकारी गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना एवं जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई के निर्देशन में जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों में जल एवं स्वच्छता रैली, श्रमदान से साफ–सफाई अभियान, और जल संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व और शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। जनपद पंचायत फरसगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटपाढ़ और मांझीआठगांव जनपद पंचायत केशकाल के ग्राम जामगांव, जनपद पंचायत बड़ेराजपुर के सलना व चिचाड़ी, जनपद पंचायत कोंडागांव के बड़ेभिरावंड, बड़ेकनेरा, राजागांव, तथा जनपद पंचायत माकड़ी के काटागांव में रैली, रंगोली प्रतियोगिता और श्रमदान जैसे कार्यक्रम संपन्न हुए।



### मनरेगा और रोजगार दिवस पर विशेष पहल

इस अवसर पर मनरेगा अंतर्गत जनमनरेगा ऐप का प्रचार–प्रसार किया गया और रोजगार दिवस का आयोजन भी किया गया। ग्रामीणों को रोजगार के अवसरों और योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान आयोजित ये गतिविधियाँ ग्रामीण विकास, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक सहभागिता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हो रही हैं।

# नगर के स्कूलों में हुआ सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को फरसगांव में शासकीय शालाओं का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। अंकेक्षण का उद्देश्य शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं सामुदायिक भागीदारी को सुदृढ़ बनाना है। जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक के नेतृत्व में अंकेक्षण दल द्वारा फरसगांव ब्लॉक के विद्यालयों का निरीक्षण किया गया। इनमें फरसगांव नगर के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम और हिंदी माध्यम स्कूल और शासकीय कन्या माध्यमिक और कन्या हाई स्कूल सहित अन्य विद्यालय शामिल रहे।

अंकेक्षण के दौरान विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, छात्रों के सीखने के स्तर, शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण पद्धति, तथा संसाधनों के उपयोग एवं रखरखाव की विस्तृत समीक्षा की गई। विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनके सीखने की क्षमता एवं शिक्षण सामग्री की उपलब्धता का भी मूल्यांकन किया गया। मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि प्रत्येक छात्र में गुणवत्तापूर्ण अधिगम सुनिश्चित करना है। विद्यालय स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने के साथ सामुदायिक निगरानी भी इस प्रक्रिया का अभिन्न हिस्सा है। अंकेक्षण टीम ने शिक्षकों से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार के लिए नवाचार अपनाने, नियमित मूल्यांकन करने और विद्यार्थियों को सक्रिय अधिगम की दिशा में प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। वहीं स्कूल प्रबंधन समितियों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने पर भी बल दिया गया, ताकि समुदाय की भागीदारी से शिक्षा प्रणाली और अधिक प्रभावी बन सके। सामाजिक अंकेक्षण के परिणामों के आधार पर आगे की कार्ययोजना तैयार की जाएगी, जिससे साजा विकासखण्ड में शिक्षा की गुणवत्ता को और सुदृढ़ किया जा सके।



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान कन्या माध्यमिक और हाई स्कूल के प्राचार्य आर एन तिवारी , संकुल समन्वयक डीलेश्वर कुमार साहू, सुरेश मंडावी, लक्ष्मी जैन, निर्मला जैन, कविता ठाकुर, आदिशा खान, मुक्ता चक्रवर्ती रामकुमारी मेरिया, स्मिता बागड़े , सृष्टि देवांगन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, पालकजन और स्कूली विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### धनौरा की बेटी विशाखा ने नेशनल एथलेटिक्स में हासिल किया प्रथम स्थान

**केशकाल।** केशकाल ब्लाक के धनोरा के सरस्वती शिशु मंदिर की छात्रा विशाखा यादव छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए भोपाल में 36 वीं नेशनल एथलेटिक्स 200 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त करके और अपने माता-पिता परिवार सहित शाला परिवार तथा गांव एवं पूरे जिला को गौरान्वित किया है । राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त करके गुरुवार को विशाखा यादव आज धनौरा आएगी। पुरस्कार प्राप्त करने के बाद पहली बार धनौरा आने पर जबर्दस्त स्वागत सम्मान की तैयारी धनौरावासियों द्वारा और सरस्वती शिशु मंदिर परिवार एवं यादव समाज द्वारा किया जा रहा है । कुमारी विशाखा केशकाल अंचल की पहली बिटिया है, जिसने राष्ट्रीय स्तर के ऐथेलिटिक्स की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने का सम्मान प्राप्त किया है ।



## बीजापुर के 32 पूर्व माओवादियों ने सीखा कुक्कुटपालन और बकरीपालन का गुर

# आत्मसमर्पित माओवादियों ने थामी तरक्की की डोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

माओवाद का रास्ता छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटे बीजापुर जिले के 32 आत्मसमर्पित माओवादियों ने अब विकास और स्वरोजगार की ओर एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। इन सभी ने जगदलपुर स्थित क्षेत्रीय स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में एक महीने का कुक्कुटपालन और बकरीपालन का विशेष प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया है। इस प्रशिक्षण के माध्यम से पूर्व नक्सलियों ने न केवल पशुपालन के वैज्ञानिक तरीके सीखे, बल्कि एक सफल उद्यमी बनने की बारीकियों को भी जाना। एक माह की गहन ट्रेनिंग में आत्मसमर्पित माओवादियों को कुक्कुटपालन और बकरीपालन से संबंधित हर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। यहां उन्होंने उन्नत नस्लों का चयन, चारा प्रबंधन और संतुलित आहार की जानकारी, टीकाकरण, रोगों की पहचान और उपचार के तरीके के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, ऋण प्राप्त करने और अपने उत्पादों को बाजार तक पहुंचाने की रणनीति के संबंध में प्रशिक्षण लिया।

- समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शासन की अभिनव पुनर्वास नीति से मिल रहा लाभ

प्रशिक्षण लेने वाले एक आत्मसमर्पित माओवादी ने ख़ुशी जाहिर करते हुए कहा कि जंगल में जीवन बहुत मुश्किल और खाली था। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर आत्मसमर्पित माओवादियों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए जो पुनर्वास नीति बनाई गई है, वह एक अभिनव प्रयास है। जिससे अब हम अपने हाथों से काम करके परिवार के लिए एक स्थिर और सम्मानजनक जीवन-यापन कर सकते हैं। सरकार के इस कदम से हमें बहुत हिम्मत मिली है। सुरक्षा बलों के कैंपों के खुलने से अब शासन की योजनाएं भी गांव-गांव पहुंचने लगी हैं। इनमें माओवाद प्रभावित गांवों के विकास के लिए विशेष रूप से चलाई जा रही नियद नेल्लानार योजना ने पूर्व माओवादियों के बीच आत्मविश्वास को बढ़ाया है।






### पुनर्वास से आत्मनिर्भरता की ओर कदम

यह पहल छत्तीसगढ़ सरकार की पुनर्वास नीति का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आत्मसमर्पण करने वाले लोगों को सम्मानजनक आजीविका के साधन प्रदान करना है। अधिकारियों के अनुसार यह प्रशिक्षण इन 32 पूर्व माओवादियों को जल्द ही स्वरोजगार स्थापित करने में मदद करेगा। उन्हें न केवल प्रशिक्षण दिए गए हैं, बल्कि वित्तीय सहायता और बैंक ऋण के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया जा रहा है। साथ ही प्रशिक्षण उपरांत इन्हें लगातार मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए स्थानीय मैदानी अमले की सहायता भी मिलेगी। बीजापुर के इन 32 पूर्व माओवादियों का कौशल प्रशिक्षण से आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ना, बस्तर में शांति और विकास की एक नई मिसाल पेश करता है। यह दिखाता है कि हिंसा और बंदूक छोड़ने वाले हर व्यक्ति के लिए हुनर और सम्मान भरा भविष्य इंतजार कर रहा है।

## पेज 11 के शेष

### लोकोत्सव में गूंजी....

ने साबित कर दिया कि यह समूह अपनी पैतृक कला में महारत रखता है। उनकी प्रस्तुति ने बस्तर की माटी और यहाँ की जनजातीय कला की जीवंतता को मंच पर उतार दिया। कलचा के हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से समां बांध दिया। इन युवा कलाकारों ने बस्तर की आदिवासी संस्कृति के गौरव को दर्शाते हुए गौर नृत्य प्रस्तुत किया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित जनसमूह के बीच, विद्यार्थियों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर ऊर्जा से भरपूर ताल और लय में यह अनूठा नृत्य प्रस्तुत किया। बस्तर के माड़िया जनजाति का यह पारंपरिक नृत्य, जिसमें नर्तक गौर सींग वाली टोपी पहनते हैं, शौर्य और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। विद्यार्थियों के समूह ने अपनी प्रस्तुति के दौरान गौरवशाली परंपरा को जीवंत कर दिया।

यूट्यूब पर सफलता के बाद, बच्चों ने अपने आत्मविश्वास को एक नए स्तर पर ले जाते हुए हजारों लोगों की भीड़ के सामने मंच पर कदम रखा। उनका यह जीवंत प्रदर्शन उनके अदम्य आत्म-विश्वास और कड़ी मेहनत का स्पष्ट प्रमाण था। बैंड के सदस्यों ने जिस तालमेल और ऊर्जा के साथ गिटार, कीबोर्ड और गायन प्रस्तुत किया, उसने दर्शकों को खड़े होकर तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया।यह प्रदर्शन न केवल संगीत प्रेमियों के लिए एक यादगार अनुभव था, बल्कि उन सभी लोगों के लिए एक सशक्त संदेश भी था जो जीवन में चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। सक्षम कलेक्टिव ने दिखा दिया कि जब सहयोग, अवसर और इच्छाशक्ति मिलती है, तो असंभव कुछ भी नहीं है।

### डेवलपमेंट के....

एनवी रमना राव सस्टेनेबल डवलपमेंट के 17 गोल की विस्तृत जानकारी दी। स्ट्रेटेजीज फॉर ओवरकमिंग स्ट्रेस एंड ऐनेक्जाइटी ए पाथ टू ए हैपियर लाइफ विषय पर एनआईटी रायपुर में बीओजी अध्यक्ष डॉ सुरेश काशीनाथ हावरे ने कहा कि आज करीब नब्बे फीसद लोग तनाव की जिंदगी जी रहे हैं। सभी लोग कम्प्टीशन और कम्पेरीजन के अतिरेक में फंसकर तनाव और चिंता में हैं। जीवन में चिंता और तनाव दूर करने के लिए खानपान, व्यायाम और नींद पर ध्यान देना जरूरी है। डॉ. हावरे ने बताया कि हम सभी व्यक्तिगत, पारिवारिक, सामाजिक एवं कार्यस्थल पर संघर्ष करते रहते हैं। यदि जीवन में चिंता और तनाव नहीं होंगे तभी हम सभी स्तर पर बेहतर कार्य कर पाएंगे। हमें वर्तमान में और कृतज्ञता के साथ जीने का प्रयास करना चाहिए। संचालन डॉ कुश कुमार नायक ने किया। प्रो एमएस मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो शरद नेमा, डॉ. विनोद कुमार सोनी,डॉ अनुज कुमार शुक्ला सहित अन्य उपस्थित थे।

### वन विभाग 40...

ने खा दिए जाने से पालक को आर्थिक नुकसान हुआ।

मछली पालक को मिलेगा मुआवजाः चित्रकोट उप वन मंडलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे ने बताया कि तालाब में मछली पालक को विभाग से लगभग 20 हजार रूपए का मुआवजा दिया जाएगा।

### भारत की प्राचीन ....

कोई फैक्ट्री नहीं है, जहां एक चीज डाली जाए और उसकी 10 चीज बनकर निकले ऐसा ही एक कृषि का व्यवसाय है,जिसे एक बीज को कई बीज करके देता है और भारत की प्राचीन संस्कृति सनातन संस्कृति भी कृषि पर खेती-बाड़ी पर ही आधारित रहती है जब से मानव सृष्टि का प्रारंभ हुआ। सतयुग के आदिकाल से सतयुग, त्रेता युग, द्वापर युग कलियों चारों युगों में हर की जीवन के लिए जीवन निर्वाह के लिए फल फूल सब्जी दूध अन्य जल जो भी उपलब्ध कराया गया, वह हमारे किसानों की मेहनत से ही हुआ है। हमारा भारतीय कृषि दर्शन बताता है कि यह प्राचीन संस्कृति आदि संस्कृति कृषि संस्कृति रही है और इसी संस्कृति के आधार पर भारत देश के अंदर हर पर्व हर त्यौहार मनाए जा रहे हैं।

भारत की आत्मा तो गांव में बसती है : महापौर संजय पांडे ने कहा भारत की आत्मा गांव में बसती है। गांव की आत्मा जो है वह किस के मन में बसती है, जो कृषक स्वावलंबी होता है। आत्मनिर्भर होता है तो देश की भी सशक्त होता है। प्रधानमंत्री ने भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी का मंत्र भी दिया है।

स्थानीय लोक नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया : इस अवसर पर राजयोगी बीके सुमन मुख्यालय संयोजक कृषि एवं ग्राम विकास विभाग ब्रह्माकुमारीज एमएस ध्रुव संयुक्त संचालक कृषि विभाग,बीके सरिता दीदी संचालिका धमतरी सेवा केंद्र ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त कर कार्यक्रम में आए किसान भाइयों को लाभान्वित किया। इस अवसर पर संचालिका बस्तर संभाग बीके मंजूषा दीदी ने स्वागत भाषण दिया। स्थानीय लोक नृत्य की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। बीके रामा दीदी जी ने मंच संचालन किया।

### बिजली बिल बढ़ोत्तरी....

जनविरोधी नीतियों के कारण हो रही बिजली बढ़ोत्तरी को लेकर कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग का घेराव कर सीएसपीडीसीएल कार्यपालक निदेशक को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। मौर्य ने कहा भाजपा सरकार जनता के हित में चलाई जा रही "बिजली बिल हाफ योजना को बंद करना और लगातार बिजली दरों में बढ़ोतरी करना आम जनता पर आर्थिक बोझ डालने जैसा है। यह निर्णय गरीब, किसान, मजदूर और मध्यमवर्गीय परिवारों के हितों के खिलाफ है। कांग्रेस सरकार की बिजली बिल हाफ योजना का लाभ सीधा 54 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था, जिसे अब भाजपा सरकार काट दिया है।

## खबर संक्षेप

### शालाओं में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



**गीदम।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वर्ष अभियान के तहत गीदम संकुल के अंतर्गत आने वाले सभी शालाओं में सामाजिक अंकेक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की उपलब्धियां एवं शाला संचालन की समीक्षा की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत गीदम उपाध्यक्ष व शिक्षा समिति के अध्यक्ष दिनेश कौशल, पार्षद सूरज सिंह ठाकुर व पार्षद मनकु लेकामी की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने हेतु शिक्षकों एवं अभिभावकों से सक्रिय सहयोग की अपील की। संकुल प्राचार्य अवधेश अवस्थी व संकुल समन्वयक योगेश सोनी एवं ने इस दौरान विद्यालयों की प्रगति, विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियां एवं सुधारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए व तमाम जनप्रतिनिधि, अतिथियों व पालकों का आभार व्यक्त किया।

### करियर का चयन करना हम सबके लिए एक कठिन परिस्थिति



दंतेवाड़ा। स्वामी आत्मानंद हाई स्कूल कुम्हारास दंतेवाड़ा में करियर काउंसलिंग मार्गदर्शन में डॉ. दिनेश कुमार लहरी सहायक प्राध्यापक मनोविज्ञान ने विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को करियर काउंसलिंग और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न जानकारियां बुधवार को साझा किए। उन्होंने बताया कि करियर का चयन करना हम सबके लिए एक कठिन परिस्थिति हो सकता है लेकिन इसे शुरू से ध्यान देकर सही दिशा में प्रयास किया जाए तो आगे जो भी क्षेत्र में जाना चाहते हैं उसे चयन करने में कठिनाइयां नहीं होगा। इसके लिए निरंतर अभ्यास और पढ़ने की दिशा पर अग्रसर होना होगा। तभी हम करियर का सही ढंग से कर पाएंगे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य सविता मेश्राम, सरला चंद्राकर , मंजू पटेल चंद्रर ठाकुर और विद्यालय के छात्राएं उपस्थित रहे।

### परियोजना सलाहकार मण्डल की हुई बैठक

**सुकमा।** एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना कोन्टा मुख्यालय सुकमा की बैठक बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में हुई। बैठक की अध्यक्षता जनपद पंचायत कोण्टा की अध्यक्ष एवं परियोजना सलाहकार मण्डल की अध्यक्ष कुसुमलता कवासी ने की। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य हो कि जिले में सभी पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की दिशा में कार्य करें। उन्होंने कहा कि निर्माणधीन कार्य को गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा में पूर्ण करे।

# सहायक शिक्षक भर्ती के 2300 पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ करने का ज्ञापन सांसद को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

सहायक शिक्षक भर्ती में रिक्त 2300 पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर आज डीएड अभ्यर्थियों ने बस्तर संसद महेश कश्यप से भेंट की।

अभ्यर्थियों ने बताया कि सहायक शिक्षक भर्ती के पांचवे चरण की काउंसलिंग के बाद भी 2300 पद आज भी रिक्त पड़े हुए हैं। अभ्यर्थियों ने कहा कि बार बार मांग उठाने और विभागीय स्तर पर कई बार आवेदन देने के बावजूद अब तक स्पष्ट निर्णय नहीं हुआ।विभाग



की लापरवाही के कारण योग्य एवं टीईटी उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ है।

इसी मुद्दे पर पीड़ित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट की शरण ली थी। हाईकोर्ट ने हाल ही में दिए अपने फैसला में पीड़ित बेरोजगार अभ्यर्थियों के पक्ष मे सुनाया है। उच्च न्यायलय ने 26 सितम्बर के अपने आदेश में स्पष्ट कहा कि अभ्यर्थियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए। दो माह के भीतर रिक्त 2300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया पूर्ण की जाए। अभ्यर्थियों का कहना है कि न्यायलय के आदेश एवं पद रिक्त होने के पश्चात भी अभी तक विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इससे पूर्व भी अभ्यर्थियों द्वारा कई बार कैबिनेट मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर चुके अभ्यर्थियों को केवल आश्वासन ही मिला था, जिसके पश्चात अभ्यर्थी परेशान होकर न्यायालय में याचिका लगाई थी। अब न्यायालय का फैसला भी अभ्यर्थियों के पक्ष में आया है। अब इन्हें उम्मीद है कि जल्द न्याय मिलेगा और रिक्त पदों पर जल्द इन्हें नियुक्ति दी जाएगी। सांसद महेश कश्यप ने उनकी मांगों को न्यायोचित बताते हुए शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव को पत्र लिखकर अवगत करवाया गया। ज्ञात हो कि अभ्यर्थी इससे पहले रायपुर में कई बार प्रदर्शन कर चुके हैं और लगातार सरकार से छठवें चरण की काउंसलिंग प्रारंभ कर शीघ्र नियुक्ति देने की मांग कर रहे हैं। ज्ञापन देने वाले मुस्कान जायसवाल, बुधमन कश्यप, रामप्रसाद कश्यप, पंकज, मोनिका कश्यप, बिन्देश्वरी, ललीता, नीलू बघेल आदि थे।

# नागाराम 74वीं बटालियन का नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा/कोंटा

नक्सलवाद के खात्में को लेकर बढ़ाए जाने वाले कदमों में एक और कदम बढ़ाते हुए। सुकमा जिला के कोंटा ब्लॉक के नागाराम ग्राम में नवीन कैम्प स्थापित कर दिया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम नागाराम में जिला सुकमा पुलिस एवं सीआरपीएफ द्वारा नवीन सुरक्षा कैंप स्थापित किया गया है।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ शासन के नियद नेल्लानार योजना से क्षेत्र की ग्रामीणों को

- **नियद नेल्लानार योजनांतर्गत होगा अब क्षेत्र में तेजी से विकास**

लाभान्वित करने के उद्देश्य एवं शांति की राह में स्थापित इस कैंप से क्षेत्र में अनेक बदलाव देखे जा सकते हैं। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों के बावजूद सुरक्षा बलों ने सभी चुनौतियों का डटकर सामना करते हुए माओवादियों के कोर जोन क्षेत्र में लगातार एक साथ दोनों ग्रामों में यह कैंप स्थापित किया गया है। सुरक्षा कैंप की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा वातावरण सुदृढ़ होगा तथा ग्रामीणों को



विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से सीधे लाभान्वित होने का अवसर प्राप्त होगा। साथ ही यह कदम माओवादियों के विरुद्ध एक बड़ी रणनीतिक सफलता है तथा ग्रामीणों के जीवन में शांति, सुरक्षा और विकास की नई दिशा प्रदान करेगा।

### बीते एक वर्ष के अंतराल में फोर्स के अब तक 19 कैंप स्थापित

वर्ष 2024 से अबतक जिला सुकमा में सुरक्षा बलों द्वारा कुल 19 नवीन कैम्पों की स्थापना किया गया है। नवीन सुरक्षा कैम्पों की स्थापना होने से नक्सल उन्मूलन में तेजी आई है, जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024 से अबतक नक्सल विचारधारा को त्यागकर 518 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किये एवं सुरक्षा बलों ने विभिन्न अभियानों में 64 माओवादी को मार गिराने व 451 माओवादियों को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित हुई है।

### अधिकारियों के मार्गदर्शन में सुरक्षा बलों को मिल रही कामयाबी

छत्तीसगढ़ राज्य के सर्वाधिक सुदूर अंचल क्षेत्रों में नक्सल उन्मूलन अभियान एवं विकासात्मक कार्यो में तेजी लाने बस्तर आईजी सुन्दरराज पी. डीआईजी कमलोचन कश्यप सीआरपीएफ डीआईजी आनंद सिंह राजपुरोहित के मार्ग-दर्शन एवं सुकमा एसपी किरण चव्हाण सीआरपीएफ 74 वाहिनी के कमांडेंट हिमांशु पांडेय तथा आला अधिकारियों दिशा निर्देशानुसार अति संवेदनशील माओवादी प्रभावित क्षेत्र ग्राम नागाराम में नवीन सुरक्षा कैम्प पांच अक्टूबर को स्थापित किया गया। नवीन कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान संचालन में तेजी आयेगी एवं आसपास क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीणों को विकासात्मक कार्य एवं मूलभूत सुविधायें जैसे कि सड़क, पुल, पुलिया निर्माण, बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा, पीडीएस दुकाने, अच्छी शिक्षा, मोबाईल कनेक्टिविटी का विस्तार आदि की सुविधायें मिल पायेगा। नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित होने से क्षेत्र के आम-जन उत्साहित है।

# कोया समाज के धर्मांतरित परिवार ने मूल धर्म में की वापसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर

ईसाई धर्म अपनाये एक परिवार के पांच सदस्य फिर से मूल धर्म में लौट आए हैं। गांव के पुजारी, सिरहा समेत कोया समाज प्रमुखों की उपस्थिति में शुद्धिकरण किया गया।

बस्तर ब्लॉक के ग्राम मांदलापाल डोकरीपारा में कोया समाज के एक परिवार के पांच सदस्यों ने विगत 5 वर्षों से ईसाई धर्म मानते थे। बुधवार को मूल धर्म में कोया समाज की उपस्थिति में वापसी की। इन्होंने ग्राम देवी देवताओं को मानने का संकल्प लिया। बताया जा रहा है कि किसी कारणवश से यह परिवार ईसाई धर्म को अपना लिए थे। घर वापसी कार्यक्रम में 12 गांव के सियान पाईक,नाईक,पटेल कोया समाज की उपस्थिति में ग्राम देवी देवताओं की पूजा अर्चना कर पुजारी ने परिवार के सदस्य फरसु बघेल, नीला बघेल, सोनई बघेल को शुद्धिकरण किया गया। इस दौरान कोया समाज के अध्यक्ष बलिया राम मंडावी, रामू राम वेटी, नकुल मंडावी, दसो पोयाम, लखमू मंडावी, नाईक समलू कुड़यंम, पाइक पूरन नेताम गांव के पुजारी मौजूद रहे।

# 500 से अधिक स्वयं सेवकों ने अनुशासन एकता और समपर्ण की झलक प्रस्तुत की

हरिभूमि न्यूज ⏭ गीदम

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जिले के गीदम नगर क्षेत्र में विजयादशमी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ सदस्य ईश्वर लाल सोनी, मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाहक छत्तीसगढ़, अमर चंदवानी और संघ के वरिष्ठ कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर गीदम नगर के पांच बस्ती क्षेत्र से लगभग 500 से अधिक स्वयंसेवकों ने संघ के अनुशासन, एकता और समर्पण की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक पथ संचलन से हुई जिसमें स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश धारण कर गीदम नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए सरस्वती शिशु मंदिर गीदम नाकापारा में एकत्र होकर कार्यक्रम को अंतिम रूप दी। पथ संचलन के दौरान भारत माता की जय और राष्ट्र एकता के जय घोष से वातावरण देशभक्ति



के रंग में रंग गया। पथ संचलन के दौरान मार्ग के अनेक केंद्र पर मातृशक्ति के द्वारा पुष्प वर्षा कर संचालन के स्वयंसेवकों का स्वागत किया गया। उस दौरान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता चंद्रशेखर देवांगन प्रांत कार्यवाहक छत्तीसगढ़ ने कहा कि संघ ने 100 वर्षों में राष्ट्र सेवा, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरण का जो कार्य किया है वह अद्वितीय है। उन्होंने कहा डॉ. हेडगेवार ने जिस राष्ट्र निष्ठा और सेवा भाव की नींव रखी थी वही आज संगठन की पहचान बन चुकी है। संघ समाज में एकता, आत्म बल और राष्ट्रभाव जागृत करने का निरंतर कार्य कर रहा है। वही जिला कार्यवाह धनेश्वर दास ने बताया कि संगठनात्मक दृष्टि से दंतेवाड़ा जिले को 22 मंडलों में विभाजित किया गया है। जिनमें से 15 मंडलों में अब तक शताब्दी उत्सव के निमित्त विजयादशमी कार्यक्रम संपन्न हो चुके हैं। कार्यक्रम का समापन संघ गीत और प्रार्थना के साथ हुआ। उपस्थित स्वयंसेवकों ने देश की एकता और समाज समरसता के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश सोनी, महेंद्र नायक, मिश्रीलाल झाडे, कमलेश नाग, संतोष महापात्र, शिवराम बैक, पंडित कुरसाम, धनेश्वर दास, राजकुमार गुप्ता, अंकित गुप्ता, मायादीन गुप्ता, भागीरथी यादव, विजय दुबे एवं नगर कार्यवाह वैभव गुप्ता समेत अन्य उपस्थित रहे।

# वनाधिकार पत्र की मांग का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपालपटनम

सीपीआई के जिला सचिव कमलेश झाड़ी ने भोपालपटनम क्षेत्र के सैंकड़ों ग्रामीणों के साथ वर्षों से काबिज़ आवासीय भूमियों व कृषि भूमियों का पट्टा प्रदाय करने की मांग को लेकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे, साथ ही मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा वर्षों से हम समय-समय पर बदलती सरकारो से पट्टे की मांग कर रहे हैं पर आज पर्यंत तक पट्टा हमे नहीं दिया जा रहा है साथ ही शासन और प्रशासन के द्वारा हमारे साथ



जमीनों से बेदखली की कार्यवाही की जा रही है, यह संविधान की पांचवीं अनुसूची का क्षेत्र होने नाते पट्टा प्राप्त करना हमारा संवैधानिक अधिकार है। इसलिए वनाधिकार मान्यता कानून 2006 को मद्देनजर रखते हुए इस क्षेत्र के सभी ग्रामीणों को तत्काल वनाधिकार पत्र प्रदान करें अन्यता आने वाले दिनों में भाकपा इन पीड़ित जनता के साथ मिलकर उनके मांगों को लेकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जवाबदेही शासन प्रशासन की होगी। साथ ही उन्होंने मीडिया से औपचारिक चर्चा के दौरान उस क्षेत्र के रसूखदारों पर आरोप लगाते हुए कहा कि आईटीआर के कई एकड़ भूमियों पर वर्षों से अवैध कब्जा है जिसे प्रशासन हटाने में नाकाम साबित हो रही है। आखिरकार इन पर किसका संरक्षण है। इस मामले पर तत्काल कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सारे दस्तावेज़ हमारे पास मौजूद हैं आने वाले दिनों में प्रशासन से कब्ज़ा हटाने व कार्यवाही की मांग करेंगे। आने वाले दिनों में अगर ऐसे दोहन और होते रहेंगे तो सीपीई बड़ी आंदोलन की तैयारी में है। जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# हायर सेकंडरी स्कूल चिंगपाल में हुआ सामाजिक अंकेक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ दरभा

मुख्यमंत्री शिक्षक गुणवत्ता अंकेंक्षण अभियान के तहत दरभा जनपद पंचायत के चिंगपाल हायर सेंकण्डरी स्कूल में जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद पीडी के उपस्थिति में सामाजिक अंकेक्षण का कार्यक्रम बुधवार को सम्पन्न हुआ। जहां शिक्षकों और पालको की उपस्थिति मे गाइड लाइन मे दर्शित प्रश्नों के आधार पर छात्र छात्राओ से संवाद करते हुए प्रशन पूछे गए। बच्चों द्वारा दिए गए उत्तर एवं उनकी अभिव्यक्ति की सामर्थ्य एवं विषय की समझ के अनुसार स्कुल का आकलन किया गया। जिसके लिए नोडल अधिकारी हेमधर कश्यप और तुला दास मानिकपुरी मौजूद थे। आकलन मे बच्चों के विषय आधारित ज्ञान सामूहिक चर्चा एवं अभिव्यक्ति के सामर्थ्य को सम्मिलित किया गया। जिसमे बालिका शिक्षा, पर्यावरण आदि विषय सम्मिलित थे। बच्चों के प्रदर्शन पर पालको ने मिली जुला प्रतिक्रिया दिया। परन्तु उन सभी ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया।

सामाजिक अंकेक्षण मे हिंदी एवं इंग्लिश दोनों माध्यम के छात्र छात्राये शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे न्योता भोज का भी आयोजन किया गया। जहां जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद पीडी, सरपंच जयराम बघेल और प्राचार्य मोहन जोशी ने बच्चों को भोजन परोसा। इस कार्यक्रम मे जानकी राम मौर्य, धनीराम नाग, ममता नाग एवं शिक्षकों मे मंगल राम कश्यप, पूर्व प्रचार्य वर्गीश मथाई, बांधे, रामधर नाग, शोभा मौर्य, प्रेम कश्यप, वंदना झा के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. 384/ब-121/2024-25

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक भदरू कश्यप पिता स्व. लच्छु जाति भतरा ग्राम गारेंगा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. लच्छु निवासी ग्राम गारेंगा तहसील करपावण्ड, जिला बस्तर (छ.ग.) का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. लच्छु पिता स्व. खोडिया ग्राम गारेंगा का दिनांक 15/09/2009 को मृत्यु हुई है। आवेदक भदरू कश्यप पिता स्व.लच्छु जाति भतरा ग्राम गारेंगा तहसील करपावण्ड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. लच्छु मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 10/10/2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नही होगी।

आज दिनांक 14/05/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड, जिला बस्तर

# पानी समस्या के समाधान के लिए नगरपालिका की अनुकरणीय पहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

नगर पालिका बड़े बचेली में वर्षो से पेयजल आपूर्ति के लिए पानी टंकी की मांग की गयी थी, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 5 पानी टंकी जो की वार्ड 2, वार्ड 9,वार्ड 5, वार्ड 16 एवं वार्ड 6 के लिए 179.00 लाख स्वीकृति हुई है। जिसमें आज वार्ड 6 में फारेस्ट ऑफिस के समीप 200 केएल पानी क्षमता ओवर हेड टंकी का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष राजू जायसवाल, उपाध्यक्ष सतीश



प्रेमचंदनी, जल कार्यमंत्री दीपक सरकार, मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीटी एम कृष्णा राव, उप अभियंता संतोष नेगी एवं ठेकेदार डीआर टेक धमतरी उपस्थित थे। अध्यक्ष राजू जायसवाल के द्वारा नगर के पेयजल व्यवस्था हेतु यह निर्माण मिल का पत्थर साबित होगा। लोगों को पानी की समस्या से निजात प्राप्त होगा। उपाध्यक्ष सतीश प्रेमचंदनी ने बताया कि लोगों की पेयजल आपूर्ति की समस्याओं का निराकरण हो जायेगा, जिसके लिए शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया। जल मंत्री दीपक सरकार ने बताया कि आने वाले साल में नगर को पेयजल की आपूर्ति के लिए सुदृढ़ करना है।






## खबर संक्षेप

### पीजी कॉलेज में हुआ स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम



**जगदलपुर।** शासकीय काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 6 से 9 अक्टूबर को उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत एनएसइ के द्वारा स्टूडेंट स्किलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 6 अक्टूबर को कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ जिसमें हमारे मुख्य वक्ता योगेन्द्र कुमार तिवारी,फैक्लटी ऑफ एनएसइ अकादमी है। इस कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ रानू मेश्राम उपस्थित रही। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी दीपिका डड़सेना, विभागाध्यक्ष वाणिज्य नें बताया कि यह कार्यक्रम छात्र-छात्राओं का कौशल विकसित करने के लिए है, जिससे भविष्य में वे अपना स्वरोजगार या सर्टिफिकेट्स के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते है।

### अधिकारी- कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें : एसडीम

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में एसडीएम कार्यालय के सभाकक्ष में बस्तर ओलम्पिक के सफल आयोजन को लेकर बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीएम सूरज कश्यप ने की। बैठक में जिले में आयोजित होने वाले बस्तर ओलम्पिक के लिए पंजीयन की प्रगति, आयोजन की रूपरेखा, विभिन्न खेलों के संचालन, खिलाड़ियों की भागीदारी तथा आयोजन स्थल पर आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एसडीएम ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रतियोगिता का संचालन समयबद्ध एवं सुनियोजित तरीके से किया जाए, ताकि जिले के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि सभी संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें और सुनिश्चित करें कि खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने विशेष रूप से खिलाड़ियों के ठहरने, भोजन, परिवहन और स्वास्थ्य सुविधाओं की व्यवस्था पर ध्यान देने के निर्देश दिए।

# हर वार्ड स्वच्छ, सुंदर और सक्रिय सहभागिता वाला बने यही हमारा लक्ष्य : पाण्डेय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## 12 वार्डों में जनजागरूकता स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

शहर में आज महापौर, महापौर परिषद के सदस्य, नगर आयुक्त एवं नगर निगम की टीम की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण पहल की गई। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था, जनजागरूकता और नागरिक सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान आईईसी टीम ने जनजागरूकता कार्यक्रम के लिए 12 वार्डों का चयन किया, जहां नागरिकों को कचरा पृथक्करण, घर-घर कचरा संग्रहण और स्वच्छ भारत मिशन से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाएगा, जहां स्वच्छता और व्यवहार परिवर्तन से जुड़े अभियान चलाए जाएंगे। इन वार्डों में नागरिकों को घर-घर कचरा संग्रहण, कचरा पृथक्करण, स्वच्छ भारत मिशन और निगम के कार्यों में सहयोग के लिए प्रेरित किया जाएगा। विदित हो कि महापौर ने इंदौर तथा देश के कई शहरों में कार्य कर रहे "सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट" टीम से लगातार बात कर शहर में उन्हें कार्य करने हेतु उनसे चर्चा की तथा उन्हें जगदलपुर में आने और प्लान बनाकर सहयोग करने का निवेदन किया था। यह टीम के द्वारा एमआरएफ एवं एमआरसी सेंटर में भी कार्य किया जाता है। इसी टीम के द्वारा इंदौर शहर को लगातार देश में सातवीं बार क्लीन सिटी का पुरस्कार जीतने में प्रभावी भूमिका निभाई है। इस अवसर पर खेमसिंग देवांगन, निर्मल पाणिग्राही, लक्ष्मण झा, त्रिवेणी रंधारी, राणा घोष, संजय विश्वकर्मा, उमा मिश्रा, पितामह नायक, हेमन्त श्रीवास, दामोदर, शक्तिवेल सहित सृष्टि के विजय सिंह सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे ।



### महापौर ने कहा स्वच्छता सभी की जिम्मेदारी

महापौर संजय पाण्डे ने कहा कि शहर की स्वच्छता केवल सफाई कर्मियों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। जब हर घर और हर गली में स्वच्छता की भावना जगेगी, तभी जगदलपुर वास्तव में स्वच्छ और सुंदर बनेगा। वहीं निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा ने भी सभी टीमों को कार्य योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। बता दें कि आईईसी टीम द्वारा वार्ड स्तर पर स्वच्छता रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, स्लोगन और पोस्टर अभियान के साथ-साथ स्कूलों में चित्रकला, क्विज़ जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। लोगों को गीले और सूखे कचरे का पृथक्करण सिखाया जाएगा, खुले में शौच मुक्त व्यवहार के लिए प्रेरित किया जाएगा और सिंगल यूज़ प्लास्टिक के खिलाफ जनअभियान चलाया जाएगा।

## शहर में दावेदार कई, ग्रामीण में मुकाबले में नहीं

# जमीनी और सर्वमान्य को मिलेगी कमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पड़ोसी राज्य ओडिशा के कोरापुट सांसद सप्तगिरी उल्का को बस्तर जिले के शहर और ग्रामीण अध्यक्ष चुनने की जिम्मेदारी आलाकमान ने सौंपी हैं। वे बस्तर से अनजान नहीं हैं। पहले भी कई दफे बस्तर के चुनावी माहौल में यहां उन्हें दायित्व मिल चुका हैं। वे यहां के वरिष्ठ और युवा कार्यकर्ताओं को भली भांति जानते हैं। उन्हें जिलाध्यक्ष के लायक नेता को चुनने के लिए अधिक परेशानी नहीं होगी। लेकिन वे पार्टी के गाइडलाईन का पालन करते हुए निष्ठावान, जुझारू तथा सक्रिय का चयन करने में लगे हैं।

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष के लिए रायशुमारी कर लौटे सप्तगिरी

प्रदेश में भाजपा की सरकार है साथ ही केंद्र में भी उनकी सरकार होने से विपक्ष के रूप में दमदार और सबको साथ लेकर चलने वाले को ही चुनना पड़ेगा। बहरहाल उनके पहले प्रवास में शहर कांग्रेस नेता के लिए वर्तमान अध्यक्ष सुशील मौर्य के अलावा अनवर खान, शंकर राव, हेमू उपाध्याय, सामू कश्यप और संतोष यावव की दावेदारी सामने आई हैं। हालांकि वे यह कह चुके हैं कि कोई भी जिलाध्यक्ष बन सकता हैं। बस उसमें पार्टी के प्रति समर्पण और कांग्रेस की रीति नीति के साथ काम करते हुए संगठन को मजबूत करने का जजबा होना चाहिए। इस संबंध में वर्तमान अध्यक्ष सुशील मौर्य का कहना है कि दावेदारी तो कई लोगों की आई है लेकिन जिन्होंने दावेदारी नहीं की है वे भी जिलाध्यक्ष चुने जा सकते हैं। रायशुमारी के साथ साथ सर्वे तथा अन्य जानकारियां भी पर्यवेक्षक जिलाध्यक्ष के लिए अन्य स्त्रोतों से ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक पुनः आऐंगे।



### ग्रामीण में प्रेम शंकर की मजबूत दावेदारी

शहर जिलाध्यक्ष के लिए जहां कई दावेदार हैं वहीं ग्रामीण जिलाध्यक्ष के लिए प्रेम शंकर शुक्ला के सामने कोई सशक्त और सर्व मान्य नेता सामने नहीं आया हैं। तोकापाल क्षेत्र से एक पुरूष और एक महिला की दावेदारी आई है लेकिन प्रेम शंकर के सामने वे कमजोर पड़ रहे हैं। भले ही वे लखेश्वर के करीबी हैं लेकिन प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के साथ उनकी ट्यूनिंग ठीक-ठाक है।

### एक अनार सौ बीमार के साथ गुटबाजी भी

दो प्रमुख दल कांग्रेस और भाजपा में जितने नेता उतना गुट यह जगजाहिर हैं। भाजपा सत्ता में है इसलिए उनकी गुटबाजी खुलकर सामने दिख रही हैं। लेकिन गुटों में बंटने के बाद भी सब एक होने का प्रदर्शन कर रहे हैं। वहीं कांग्रेस में भूपेश सरकार के समय से ही अलग अलग गुट बन गया था। मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और शहर के विधायक और सांसद समेत अन्य नेताओं के गुट भी थे। लेकिन अब विपक्ष में है इसलिए गुटबाजी की स्थिति कम हैं लेकिन खत्म नहीं हुई हैं। जो जिलाध्यक्ष के चुनाव में अलग अलग तरीके से सामने आ रही हैं और आऐगी। अब देखना है पर्यवेक्षक इनमें से किसे नेता बनाऐंगे।

### विवि में प्री आरडीसी चयन शिविर में 30 स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



**जगदलपुर।** गणतंत्र दिवस परेड नई दिल्ली में शामिल होने के लिए मंगलवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में प्री आरडीसी चयन शिविर का आयोजन किया गया। इसमें करीब 30 स्वयंसेवक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर युवा एनएसएस अधिकारी डॉ राजकुमार वर्मा, विवि एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक डॉ सजीवन कुमार,बस्तर जिला संगठक मौसमी विश्वास,विवि कार्यक्रम अधिकारी डॉ भुनेश्वर लाल साहू, डॉ. प्रिंसी दुग्गा एवं कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, बकावंड कॉलेज एवं शहर के दंतेश्वरी महाविद्यालय के एनएसएस अधिकारी और संगठक की उपस्थिति में स्वयंसेवकों को मार्गदर्शन दिया गया। इस शिविर के माध्यम से दो छात्र-छात्रा का चयन किया जाएगा जो अगले 26 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में राष्ट्रपति को सलामी देंगे। ज्ञात हो कि पिछले 2024-25 सत्र में विवि के कनिष्का राजपूत और रेयतु राम को बेस्ट स्वयंसेवक का और अमर सिंह पुरामे को श्रेष्ठ कार्यक्रम अधिकारी का पुरस्कार मिला। इन पुरस्कृत विद्यार्थियों एवं अधिकारी को विवि की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया था।

### लोकोत्सव में वन विभाग को मिला प्रथम स्थान...



**जगदलपुर।** लालबाग मैदान में बस्तर दशहरा लोकोत्सव में वन संपदा और आजीविका प्रकृति से समृद्धि थीम पर लगाए गए विभागीय स्टॉल लगाया गया। इसमें वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को प्रथम स्थान मिला।

## शाहपुर पीठ बड़ा रामद्वारा के महंत हरिराम शास्त्री का शहर आगमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ बड़ा रामद्वारा के महंत भागवत के प्रखर ओजस्वी वक्ता संत हरिराम शास्त्री का बुधवार को शहर आगमन हुआ। दिल्ली से यात्री विमान सेवा से शाम 4 बजे माँ दंतेश्वरी एयरपोट पहुंचे। जहां उनका शहर के गोविंद ईनाणी परिवार के नेतृत्व में सनातनी हिन्दू संगठनों के अनुयायियों ने स्वागत किया। एयरपोर्ट से वे सीधा बोधघाट स्थित ईनाणी आवास पहुंचे। जहां विश्राम पश्चात शाम 7 बजे माहेश्वरी भवन में संतश्री का प्रवचन होगा। संत हरिराम शास्त्री का यह दूसरा बस्तर प्रवास है। इसके पहले वे 15 साल पूर्व जगदलपुर आये थे। उन्होंने हरिभूमि से चर्चा में कहा वे 50 वर्ष से रामध्यान और भागवत कथा पर प्रवचन कर रहे है। देश के पूर्वोत्तर राज्य को छोड़ शेष सभी महानगर एवं विभिन्न शहर में प्रवचन भागवत कथा का धार्मिक आयोजन निरन्तर जारी है। संत हरिराम शास्त्री विदेशों में भी भागवत कथा के माध्यम से लोगो को धर्म से जोड़ने के कार्य मे जुटे है। उन्होंने बताया बस्तर देश के अन्य क्षेत्रों से विशेष है। यहां के आदिवासी संस्कृति व परम्परा समूचे विश्व में अनूठी है। संत का कहना है पहले के बस्तर और वर्तमान में काफी अंतर दिख रहा है आने वाले समय मे और भी बदलाव आएगा। इस दौरान मिथलेश ईनाणी, गोविंद ईनाणी, बालकृष्ण शर्मा, राम नरेश पांडे, मनीष मूलचंदानी एवं अन्य श्रद्धालु सम्मलित थे।



## बस्तर के युवराज एशियन यूथ गेम्स के म्यूथाई खेल के लिए जयपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चयनित भारतीय म्यूथाई दल भारतीय म्यू थाई फेडरेशन यूएमएआई के महासचिव श्रीराम चौधरी के नेतृत्व में बहरीन (यूएई) 21 अक्टूबर को रवाना होगा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त संस्था आइएफएमए एवं ओलंपिक कॉउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) से मान्यता प्राप्त संस्था आइएफएमए की भारत मे मान्यता प्राप्त संस्था यूनाइटेड म्यू थाई एसोसिएशन इंडिया (यूएमएआई) के तत्वावधान में भारतीय म्यू थाई दल बहरीन (यूएई) में आयोजित एशियन यूथ गेम्स में होने वाले 21 विभिन्न खेलों में से एक खेल म्यूथाई को भी शामिल किया गया है। म्यूथाई खेल के 6 बालिका एवं 4 बालकों सहित 10 खिलाड़ियों के म्यूथाई दल को एशियन यूथ ओलंपिक में भाग लेने भारत शासन ने भारतीय ओलंपिक संघ के माध्यम से स्वीकृति दी है।

एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले भारतीय म्यूथाई दल के अन्तिम चयन हेतू 4 से 20 अक्टूबर तक इण्डिया कैम्प का आयोजन जयपुर (राजस्थान) में किया जा रहा है, जिसमें भारत के विभिन्न प्रदेशों के केवल व 17 वर्ष वर्ग के प्रतिभाशाली 9 बालक एवं 9 बालिका खिलाड़ियों को आमंत्रित किया गया है। बस्तर अंचल से गत नौ वर्षों से म्यू थाई राष्ट्रीय चैंपियन एवं अंतरराष्ट्रीय म्यूथाई खिलाड़ी जगदलपुर निवासी 17 वर्षीय युवराज सिंह राजपूत इण्डिया कैम्प में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि युवराज राज्य से एकमात्र चयनित खिलाड़ी है। एशियन यूथ गेम्स बहरीन में भाग लेने वाले 14 सदस्यीय भारतीय म्यू थाई दल में 10 खिलाड़ी, एक कोच, एक निर्णायक, एक ऑफिसियल और एक नेशनल फेडरेशन ऑफिसियल शामिल हैं। युवराज के कोच अब्दुल मोइम सहित समस्त खिलाड़ियों को आशा ही नहीं वरन विश्वास है कि युवराज अंतरराष्ट्रीय खेल जगत में प्रतिस्थापित करेगा।



## एग्री स्टैक में पंजीयन में आवश्यक प्रगति लाएं : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर हरिस एस ने मंगलवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में आयोजित समय-सीमा की बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकास कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को मिशन मोड में कार्य करने और निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारी को एग्री स्टैक में पंजीयन में आवश्यक प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अलावा आगामी दिनों में होने वाले कलेक्टर कॉन्फ्रेंस की तैयारियों पर चर्चा किया गया। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड को ग्रामीण क्षेत्रों में बनाने के लिए एक प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। उन्होंने स्वच्छता अभियान के तहत बन रहे व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए। केसीसी (किसान क्रेडिट कार्ड) का निर्माण कर खरीफ-रबी फसल के लिए आवश्यकता वाले किसानों को प्राथमिकता से लाभान्वित किया जाए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत बस्तर, बास्तानार और तोकापाल में लक्षित हितग्राहियों के काम को जल्द पूर्ण करवाने के निर्देश दिए गए। हर घर नल जल योजना के कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को जल जीवन मिशन के कार्यों को पूरा करने की माहवार कार्ययोजना का विवरण देने को कहा। उन्होंने ई-आफिस संचालन स्थिति की भी समीक्षा की।



## होटल एंबीशन का हुआ भव्य शुभारंभ

**बिजनेस साइट**

**जगदलपुर।** शहर से लगे आसना रोड एनएच 30 पर होटल एंबीशन का सोमवार को भव्य शुभारंभ हुआ। होटल व्यवसायी समूह द्वारा अपने पारिवारिक मित्रों और मेहमानों की उपस्थिति में फीता काटकर होटल का उद्घाटन किया गया। संचालको ने बताया कि हमने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट को आज पूरा कर लिया है बस्तरवासियों को और बस्तर घूमने आने वाले पर्यटकों को हम चार सितारा होटल की तरह सुविधाएं देने और बेहतरीन आतिथ्य देने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

- पर्यटकों को 4 सितारा होटल की तरह मिलेगी सुविधाएं
- पहली बार होटल परिसर में ईवी फास्ट चार्जिंग यूनिट

2 एकड़ में फैले होटल एंबीशन की छह मंजिला इमारत में कुल 79 कमरे है जिसमें से अभी 35 की बुकिंग प्रारंभ की गई है। जिसमें स्टैंडर्ड रूम, सिग्नेचर सूट, स्टूडियो सूट रूम के साथ वीआईपी के लिए 3 ग्रैंड सूट रूम भी है। इसके अलावा पारिवारिक आयोजनों के लिए डबल बेसमेंट में 10 हजार वर्गफीट का विशाल बैंक्वेट हॉल, प्री फंक्शन हॉल, 2 किटी पार्टी हॉल, विशाल आधुनिक किचेन मौजूद है। होटल में ठहरने वाले मेहमानों के लिए एवं आगंतुकों के लिए किफायती मूल्य पर भोजन की व्यवस्था साढ़े छह हजार वर्गफीट के रेस्टोरेंट में की गई है जहां शहरवासी नाश्ता, लंच और डिनर में बने जायकेदार शुद्ध शाकाहारी व्यंजन का लुत्फ उठा सकते हैं। होटल के सभी कमरे विशालकाय एवं आधुनिक फर्निशिंग के साथ आकर्षक लुक दे रहे हैं। पूरे देश में कहीं से भी टूरिस्ट होटल की वेबसाइट के साथ अगोड़ा एवं मेक माई ट्रिप से अपनी बुकिंग करा सकते हैं। होटल की अन्य खूबियों में पिक एंड ड्रॉप फैसिलिटी, ड्राइवर रूम, लॉन्ड्री, जनरेटर, विशाल पार्किंग, आपातकालीन व्यवस्था, 3 अत्यंत आधुनिक लिफ्ट,अनुभवी सैफ एवं कूक शामिल है। जल्द ही स्विमिंग पूल एवं अन्य कमरे तैयार हो जाएंगे।



## लक्ष्मीनारायण मंदिर में तुलसी अर्चन के साथ किया गया आकाश दीप दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कार्तिक मास में लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन किया गया। मंगलवार की देर शाम कार्तिक मास भर भगवान विष्णु का षोडशोपचार पूजन अभिषेक,तुलसी अर्चन के साथ साथ सांय काल में आकाश दीप दान किया गया। जिसमें 35 फीट ऊंचे खम्भे में रस्सी के माध्यम से नित्य दीप को छिद्र युक्त हांडी में स्थापित किया गया।

पंडित चंदन तिवारी ने बताया कि कार्तिक मास में देवताओं एवं अपने पितरों हेतु दीप दान करना उत्तम माना गया है। कार्तिक में प्रातः स्नान, दामोदर विष्णु का पूजन, तुलसी पूजन एवं संध्या दीप दान का बड़ा महत्व है। इसके अलावा मंदिर में मास भर में विशेष दिनों में जैसे गोवर्धन पूजन वाले दिन 56 भोग अन्नकूट महोत्सव, देव प्रबोधिनी एकादशी के दिन तुलसी पूजन, सहस्त्र दीपालंकार लक्ष (एक लाख) वर्तिका दान,आंवला नवमी के दिन आंवला पूजन हविष्यान भोजन एवं कार्तिक पूर्णिमा के दिन देव दीपावली मनाई जाती है।



### रक्तदान शिविर में अधिकारी एवं जवानों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा

## हमारा एक यूनिट रक्तदान तीन जिंदगियों को बचा सकता है : कमांडेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केन्द्रीय रिर्जव पुलिस बल की 80 वाहिनी के तत्वावधान में को एसएम हबीब असगर, पुलिस उप महानिरीक्षक,रेंज केरिपुबल की उस्थिति एवं कमांडेड जितेन्द्र कुमार के मार्ग दर्शन में 80 वीं वाहिनी केरिपुबल एवं मार पाउलिनस मेमोरियल अस्पताल (एमपीएम हॉस्पिटल) के संयुक्त सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त रक्तदान शिविर में वाहिनी में अधिकारी एवं जवानों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया तथा रक्तदान कर शिविर को सफल बनाया।

कमांडेड जितेन्द्र कुमार ने रक्तदान शिविर में उपस्थित सभी अधिकारीगण व जवानों को सम्बोधित करते हुये अवगत करवाये कि वैश्विक स्तर पर वर्ष 2004 से प्रति वर्ष 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस के रुप में मनाया जाता है। रक्तदान जरुरत मन्द लोगों को स्वस्थ रक्तदान करने की प्रथा है। रक्त मानव शरीर में जीवन का संचार करने वाला मुख्य तरल पदार्थ है। हमारा एक यूनिट रक्तदान कुल तीन जिंदगियों को बचा सकता है। रक्तदान को ले कर बहुत सारी भ्रांतियाँ फैली है। किसी की जान बचाने के लिये लोगो को रक्तदान के प्रति जागरुक होना बहुत जरुरी है। रक्तदान एक ऐसा माध्यम है जिसके जरिए आप किसी की जान को बचा सकते है,क्यों कि हमारा एक छोटा सा दान ही किसी के परिवार में खुशियों का कारण बन सकता है इसलिय रक्तदान एक महादान है। 80 वीं वाहिनी में रक्तदान शिविर कार्यकम में वाहिनी के सभी अधिकारी गण व जवानों ने मिलकर बढ़ चढ़ कर भाग लिये और रक्तदान किये ताकि आने वाले समय में रक्त किसी की जान बचा सके व किसी के परिवार में खुशहाली ला सके। उक्त रक्तदान शिविर के दौरान वाहिनी के पुरुशोत्तम कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी, डॉक्टर उत्पल गगोई, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मकसूद आलम, उप-कमाण्डेन्ट, ओम कुमार गुप्ता, दुर्गेष कुमार, सहायक कमाण्डेंट, एमपीएम अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ सचिन एन बागर और अधिनस्थ अधिकारी एवं समस्त जवान सम्मलित थे।



